कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-30.09.2025

विषयः- आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित कुल 03 अभियुक्त/अभियुक्तागण थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0042/2025 धारा 108/352/351(3) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित 01 अभियुक्त रामतेज पुत्र स्व0 होरी लाल निवासी हैबतपुर कोटवा थाना लोहता वाराणसी व 02 अभियुक्तागण को आज दिनांक-30.09.2025 को समय करीब 12.40 बजे हैबतपुर कोटवा थाना लोहता कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 20.02.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने प्रतिवादीगण द्वारा वादी के लड़के को छेड़खानी व बलात्कार के मुकदमे में फंसाने की धमकी देने, गाली-गुप्ता व जान से मारने की धमकी देने, जिससे प्रताड़ित होकर वादी के पुत्र द्वारा ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर लेने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0042/2025 धारा 108/352/351(3) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 मो0 आरिफ खान द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्तागण का विवरण-

01. रामतेज पुत्र स्व0 होरी लाल निवासी हैबतपुर कोटवा थाना लोहता वाराणसी, उम्र करीब 58 वर्ष।
02. मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 01 अभियुक्ता, उम्र करीब 22 वर्ष।
03. मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 01 अभियुक्ता, उम्र करीब 45 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

हैबतपुर कोटवा थाना लोहता कमि0 वाराणसी से, दिनांक-30.09.2025 को समय करीब 12.40 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0042/2025 धारा 108/352/351(3) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

01. थानाध्यक्ष निकिता सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
02. उ0नि0 मो0 आरिफ खान लोहता थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
03. हे0का0 अब्दुल राशिद खान थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
04. का0 पवन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
05. म0हे0का0 किरन देवी थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
06. म0का0 रेखा देवी थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।